(14)

(2.3)

प्रारुप–6

प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

परियोजना का नाम :– **जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत मूलाकोट–काण्डे–भुइया मोटर मार्ग का निर्माण।**

आज दिनाँक 13–03–2015 को निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, लोहाघाट (एजेन्सी का नाम) के द्वारा मूलाकोट–काण्डे–भुइया मोटर मार्ग बनाये जाने वाले मार्ग/प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री हरीश चन्द्र सिंह गड़िया, वनदरोगा राजस्व विभाग की ओर से श्री नवीन लाल वर्मा, उपराजस्व निरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री मुकेश चन्द्र जुकरिया, कनिष्ठ अभियन्ता, श्री रामी राम, अमीन अन्य दावेदारों की ओर से ग्राम प्रधान मूलाकोट एवं अन्य जनप्रतिनिधि श्री खुशाल सिंह अधिकारी, श्री रमेश चन्द्र, श्री दीवान सिंह, श्री भुवन चन्द्र, श्री शंकर राम आदि के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 5500 (मी0) नाप भूमि.से, 3900 (मी0) सिविल भूमि से, 300 (मी0) वन पंचायत से, 300 (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 4.950 हे0 नाप भूमि, 2.730 हे0 सिविल भूमि, 0.210 हे0 वन पंचायत भूमि, 0.210 हे0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 3.150 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 141 वृक्ष चीड़ प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से शून्य बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 3000 (मी0) नाप भूमि.से, 5000 (मी0) सिविल भूमि से, 1000 (मी0) वन पंचायत से, 1000 (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 2.70 हे0 नाप भूमि 3.500 हे0 सिविल भूमि 0.700 हे0 वन पंचायत भूमि 0.700 हे0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 4.900 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 250 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से शून्य बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण आरक्षित वन मूलाकोट कक्ष स0 1,2,3 कक्षों से गुजरेगा/में स्थित है। इन कक्षों की वर्तमान वन आच्छादन 0.20 है एवं इन कक्षों में चीड प्रजाति के वन हैं। प्रभावित होने वाली भूमि मूलाकोट, लग्गाभांम, काण्डे आदि पर चीड प्रजाति के वन हैं एवं प्रभावित होने वाली सिविल तथा नाप भूमि पर चीड़ प्रजाति के वन हैं, जिनका वर्तमान वन आच्छादन 0.20 है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान 79^0 55′ 23.03″ E 29^0 26′ 14.81″ N है तथा यह स्थल रैंगलबैण्ड मूलाकोट मोटर मार्ग के कि.मी. 6 मूलाकोट नामक स्थान से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल मझ्याप तोक मूलाकोट है, जिसका GPS मान 79^0 55′ 24.99″ E 29^0 27′ 27.18″ N है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के GPS मान काण्डे 79^0 54′ 35.73″ E 29^0 27′ 12.51″ N, भूइया तो मूलाकोट 79^0 55′ 59.09″ E 29^0 27′ 40.51″ N हैं।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा है/नही है । नहीं है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन होगा / नही होगा । नहीं होगा।

इस समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु ग्रामवासियों की नाप भूमि प्रस्तावित की गयी है जो स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका GPS मान 79^0 55′ 26.04″ E 29^0 26′ 20.15″ N, 79^0 55′ 32.79″ E 29^0 26′ 28.19″ N, 79^0 55′ 27.56″ E 29^0 26′ 43.01″ N, 79^0 55′ 11.65″ E, 29^0 26′ 55.44″ N, 79^0 55′ 8.46″ E, 29^0 26′ 51.68″ N, 79^0 55′ 51.68″ E, 29^0 27′ 4.03″ N, 79^0 54′ 56.55″ E, 29^0 27′ 10.05″ N, 79^0 54′ 35.73″ E, 29^0 27′ 12.51″ N, 79^0 54′ 47.70″ E, 29^0 27′ 29.52″ N, 79^0 54′ 59.09″ E, 29^0 27′ 40.51″ N, 79^0 55′ 16.66″ E, 29^0 27′ 39.73″ N, 79^0 54′ 18.30″ E, 29^0 27′ 24.04″ N,

अन्य आवश्यक विवरण :– उपरोक्तानुसार इस मार्ग में पड़ने वाले 3.150 हे0 वनभूमि प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित है। उपरोक्त मोटर मार्ग के वनभूमि प्राप्त होने के पश्चात इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। यह मार्ग सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है।

नोट– इस रिपोर्ट पर भूवैज्ञानिक की राय भी प्रस्ताव बनाने से पूर्व मे ही प्राप्त कर ली जाये।

हस्ताक्षर	हस्ताक्षर	हस्ताक्षर	हस्ताक्षर	हस्ताक्षर
(लो0नि0वि0) प्रतिनिधि	(वन विभाग) प्रतिनिधि	(राजस्व विभाग) प्रतिनिधि	(अन्य दावेदार) प्रतिनिधि	(जन प्रतिनिधि) प्रतिनिधि

सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 लोहाघाट

वन क्षेत्राधिकारी देवीधूरा

राजस्व उप निरीक्षक

अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 लोहाघाट (चम्पावत)

तहसीलदार पाटी जनपद-चम्पावत

उपजिलाधिकारी पाटी जनपद-चम्पावत

जिलाधिकारी चम्पावत

प्रधान ग्राम पंचायत मूलाकोट विकासखण्ड पाटी (चम्पावत)

प्रभागीय वनाधिकारी चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत

8